Regarding railway related issues of Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्रीमती संजना जाटव **(भरतपुर) :** मैं सरकार से मांग करती हूं कि भरतपुर जंक्शन पर सभी सुपरफास्ट ट्रेनो का ठहराव सहित कोरोना काल से बंद पडी फिरोजपुर -मुबई जनता एक्सप्रेस को पुनः सुचारु रुप से चालू किया जाये । खेरली राजस्थान का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है तथा खेरली अनाज मंडी के नाम से प्रसिद्ध है । यहां दूर-दूर से हजारों व्यापारी कर्मचारी एंव मजदूर वर्ग आता हैं । मैं सरकार से आग्रह करूंगी कि रेलवे स्टेशन की महत्वता को देखते हुए कुछ सुपरफास्ट ट्रेनें जैसे आगरा कैंट-साबरमती गाड़ी संख्या 12547/12548, हावडा-जोधपुर गाड़ी संख्या 12307/12308, बिकानेर-हावडा गाड़ी संख्या 22307/22308 तथा अजमेर-सियालदाह गाड़ी संख्या 12987/12988 को खेरली रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने की कृपा करें ।